Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 170 □ रायपुर, सोमवार 13 जुलाई 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# नकटी पर मौन, राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर चर्चा की मांग

## विपक्ष ने किया जमकर हंगामा, कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित



छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र

**रायपुर, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** अयोध्या के राम मंदिर में चंदा चोरी का मामला आज विधानसभा में गूंजा। विपक्ष ने इस पर स्थगन प्रस्ताव लाते हुए सदन में चर्चा कराने की मांग की। जबकि स्थानीय मुद्दा होने पर भी नकटी पर कोई सवाल नहीं उठाया गया। स्पीकर ने इसे सदन से बाहर का विषय बताते हुए विपक्ष का स्थगन नामंजूर कर दिया। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लगातार कार्यवाही बाधित होते देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने अयोध्या के राम मंदिर में हुए चंदा चोरी पर स्थगन लाते हुए कहा कि इससे प्रदेश के लोगों की आस्था भी जुड़ी है इसलिए सदन में इस पर चर्चा कराई जाए इस पर भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह सदन का विषय नहीं है इसलिए चर्चा नहीं हो सकती । इसके बाद भी नेता प्रतिपक्ष अपनी बात रखते रहे और अजय चंद्राकर उन्हें बाधित करते रहे। इसी बीच स्पीकर ने स्थगन प्रस्ताव खारिज कर दी।इस पर विपक्ष के सभी सदस्य खड़े होकर नारेबाजी करने लगे, वही सत्ता पक्ष की ओर से भी जवाबी हमले किये गये । लगातार हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही पुन: शुरू होने के बाद विपक्ष फिर से राम मंदिर पर चर्चा कराने की मांग करने लगा और सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय कार्यमंत्री ने आपत्ति जताई। इसके बाद भी विपक्ष नारेबाजी व हंगामा करता रहा जिसे देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## डॉ. तीजन बाई को दी गई श्रद्धांजलि, सीएम साय ने पंडवानी गायिका को बताया छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान

विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही की शुरुआत पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई. मुख्यमंत्री डॉ. विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ वरिष्ठ विधायकों ने तीजन बाई के योगदान को याद किया।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय** ने कहा कि डॉ. तीजन बाई ने पंडवानी गायन की कापालिक शैली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और अपनी विलक्षण प्रतिभा से लोककला को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई. उनकी प्रस्तुतियों में गायन और अभिनय का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता था. पात्रों का सजीव चित्रण, ओजपूर्ण वाणी और प्रभावशाली प्रस्तुति श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ.



तीजन बाई का जीवन संघर्ष, साधना और समर्पण का प्रेरक उदाहरण है. जिस दौर में महिलाओं की पंडवानी गायन में भागीदारी अत्यंत सीमित थी, उस समय उन्होंने सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देते हुए अपनी अलग पहचान बनाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनीं. डॉ. तीजन बाई के निधन से छत्तीसगढ़ ने अपनी लोकसंस्कृति का एक अनमोल रत्न खो दिया है. उनके जाने से कला एवं सांस्कृतिक जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

**नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत** ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि यह सदन में पहला अवसर है, जब हम किसी पदम् सम्मान से सम्मानित विभूति पर चर्चा कर रहे हैं. डॉ. तीजन बाई का जाना हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है. मैं अपने विधायक दल की ओर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

**संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल** ने कहा कि डॉ. तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ का गौरव विश्व पटल पर स्थापित किया. मैं अपने मंत्रालय की ओर से श्रद्धांजलि देता हूँ. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि डॉ. तीजन बाई ऐसे परिवार से थीं, जहाँ शिक्षा का अभाव रहा. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस देश को गौरान्वित किया. उनका जीवन कर्म हम सबके लिए प्रेरित करने वाला है।

**संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप** ने कहा कि डॉ. तीजन बाई का जीवन बेहद संघर्षमय रहा है. लेकिन कठिन परिस्थितियों के बीच उन्होंने पंडवानी गायन के माध्यम से खुद को स्थापित किया. छत्तीसगढ़ को गौरांवित किया. उनका जाना पूरी दुनिया लोक कला के लिए एक बड़ी क्षति है।

**पंडवानी गायिका तीजन बाई** को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव सहित विधायक किरण सिंह देव, अनुज शर्मा, अनिला भेड़िया, कुँवर सिंह निषाद, भईया लाल कोरसेवाड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इसके साथ सदन में श्रद्धांजलि देने के बाद 5 मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## छत्तीसगढ़ में इसी सत्र से खुलेंगे 5 नए मेडिकल कॉलेज, एनएमसी ने दी मंजूरी

### एमबीबीएस की 250 सीटें बढ़ जाएगी : जायसवाल

**रायपुर, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित 5 नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) से मान्यता मिल गई है। ये मेडिकल कॉलेज कवर्धा, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़, दंतेवाड़ा और कुनकुरी में प्रस्तावित हैं। सभी कॉलेजों में 50-50 सीटों पर के साथ इसी सत्र से पढ़ाई शुरू की जाएगी।



कवर्धा, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़, दंतेवाड़ा और कुनकुरी में प्रस्तावित

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा छत्तीसगढ़ के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। प्रदेश में पहली बार एक साथ 5 नए मेडिकल कॉलेज की अनुमति मिली है। प्रदेश में अब एमबीबीएस की 250 सीटें बढ़ जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों ही एनएमसी ने आधी अधूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य सुविधाओं की वजह से मान्यता देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद सीएम साय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी बात रखी थी। इधर मेडिकल शिक्षा कमिश्नर रितेश अग्रवाल ने कहा, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के प्रयासों से मान्यता मिली है। इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त होगी। यहां के स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा यानी डॉक्टर बनने का मौका मिलेगा। सभी मेडिकल कॉलेज में 50-50 सीट की मान्यता मिली है। इस तरह एमबीबीएस की 250 सीट की बढ़ोतरी हुई है। अब हमारा प्रयास पहले से संचालित मेडिकल कॉलेज में सीट बढ़ाने को लेकर रहेगा। जैसे अभी जेएनएम मेडिकल कॉलेज में 20 सीट की वृद्धि हुई है।

### रायपुर पुलिस कमिश्नरेट में तबादला

## तारकेश्वर पटेल बनाए गए डीसीपी सेंट्रल दीपमाला को मिली उत्तर की कमान

### चार थाना प्रभारी भी हुए इधर से उधर

**रायपुर, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** रायपुर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्तों का तबादला हुआ है। तारकेश्वर पटेल को डीसीपी सेंट्रल जोन कमिश्नरेट बनाया गया है। दीपमाला कश्यप को नार्थ जोन डीसीपी कमिश्नरेट की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अर्चना झा डीसीपी ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल कमिश्नरेट बनाई गई है, जिसका आदेश रायपुर कमिश्नर संजीव शुक्ला ने जारी कर दिया है।

इसके साथ ही थाना प्रभारियों का भी तबादला किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, निरीक्षक सतीश सिंह गहरवार को थाना प्रभारी कोतवाली के साथ एसीसीयू प्रभारी (क्राईम ब्रांच) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। राजेश सिंह आजाद चौक थाना प्रभारी बनाए गए, पारसराम पटेल को सरस्वती नगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई और नरेंद्र साहू को गुढ़ियारी थाना प्रभारी बनाया गया है।

## आईजी अजय यादव ने ग्रहण किया पदभार

**राजनांदगांव, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** राजनांदगांव पुलिस रेंज में प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला, जब नये आईजी ने पदभार ग्रहण किया। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय यादव ने सोमवार की सुबह राजनांदगांव रेंज के नए पुलिस महानिरीक्षक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने क्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। राजनांदगांव, खैरागढ़ और मानपुर-मोहला जिलों को मिलाकर बनी इस रेंज की कमान अब आईजी अजय यादव के हाथों में है।

## विधानसभा मानसून सत्र में विधायक ओंकार साहू ने जनहित के अनेक अहम मुद्दे उठाए, लगाए कई प्रश्न

**धमतरी, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** धमतरी विधायक ओंकार साहू ने विधानसभा के मानसून सत्र में धमतरी जिले सहित पूरे प्रदेश से जुड़े जनहित के अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न लगाकर सरकार का ध्यान आम जनता की समस्याओं तथा विभिन्न विभागों में सामने आई अनियमितताओं की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने अर्जुनी थाना में पुलिस अभिरक्षा में हुई मृत्यु, नगर निगम में सामग्री खरीदी एवं निर्माण कार्यों में कथित गड़बड़ियों सहित कई गंभीर मामलों पर सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। विधायक श्री साहू द्वारा लगाए गए प्रमुख प्रश्नों में मार्कफेड द्वारा तिरपाल खरीदी में कथित अनियमितता, धमतरी एवं कांकेर जिले में अवैध खनन, ऑनलाइन भूमि डायवर्सन (भू-उपयोग परिवर्तन) प्रक्रिया में लंबित आवेदन एवं तकनीकी समस्याएं, गंगरेल बांध प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं लंबित भूमि आवंटन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं खरीदी संबंधी शिकायतें, पाठ्यपुस्तक निगम की पुस्तकों को कबाड़ में बेचे जाने के मामले की जांच, शराब दुकानों में ओवररेटिंग एवं आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था, खेल अधोसंरचना एवं खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही



पुलिस कस्टडी में मौत, नगर निगम में खरीदी एवं निर्माण कार्यों की गड़बड़ी सहित कई मामलों पर सरकार से मांगा जवाब

सुविधाएं, प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों की स्थिति तथा पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत के मामलों में जिम्मेदारी तय करने और कार्रवाई से जुड़े विषय शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं दवाओं की उपलब्धता, धमतरी जिले में कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार एवं प्लेसमेंट की स्थिति, चारकोल मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों का निरीक्षण एवं कार्बन उत्सर्जन की जांच, रेत खनन में पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों की जांच, गंगरेल जलाशय से मत्स्य कार्य से प्राप्त रॉयल्टी, फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के क्रियान्वयन तथा समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांगजन, वृद्धजन, ट्रांसजेंडर कल्याण, नशामुक्ति केंद्रों एवं छात्रावासों की स्थिति जैसे विषयों पर भी सरकार से जानकारी मांगी है। साथ ही होटलों, रेस्टोरेंटों, ढाबों एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच तथा माप-तौल संबंधी कार्रवाई पर भी प्रश्न लगाए हैं।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि विधानसभा जनता की आवाज़ उठाने का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है और जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय को मजबूती से सदन में उठाना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि तथ्यों के आधार पर सरकार से जवाब प्राप्त कर संबंधित मामलों में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराना उनका निरंतर प्रयास रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सदन में उठाए गए इन मुद्दों से आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। साथ आज धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक मे. भाग लिया.उन्होंने धमतरी विधानसभा के मुद्दों को को रखा. मीटिंग में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व सभी विधायक गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस विधायक के सवाल पर राजस्व मंत्री ने बताया, 'छत्तीसगढ़ में असर्वेक्षित हैं 746 ग्राम'

प्रश्नकाल के दौरान छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत गांवों के बंदोबस्त का मामला उठा. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव के सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में 746 ग्राम असर्वेक्षित है, जिसमें से 371 ग्राम में सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है. वहीं 375 ग्राम में सर्वेक्षण शुरू नहीं हुआ है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने राजस्व मंत्री से पूछा कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत किसी भी गाँव का बंदोबस्त हर कितने साल में होना होता है? राज्य में ऐसे कितने गाँव हैं, जिनका बंदोबस्त राज्य गठन सन् 2000 के बाद से अब तक नहीं हुआ है? जिलेवार जानकारी दें? ऐसे गाँवों का बंदोबस्त नहीं होने के लिए कौन जिम्मेदार है, और इन गाँवों के बंदोबस्त कब तक कर लिए जाएंगे? राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत किसी भी गाँव का सर्वेक्षण एवं भू-राजस्व का निर्धारण सामान्यत 30 साल में होना होता है.




राज्य में कुल 20551 राजस्व ग्राम हैं जिसमें से 19805 ग्राम सर्वेक्षित है. 746 ग्राम असर्वेक्षित है, जिसमें से 371 ग्राम में सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है, एवं 375 ग्राम में सर्वेक्षण शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने सर्वेक्षण का कार्य चरणबद्ध रूप से स्वीकृत योजना, वित्तीय प्रावधान, तकनीकी संसाधन की उपलब्धता के आधार पर संपादित किया जाता है. अत: ऐसे गावों का सर्वेक्षण नहीं होने के लिये किसी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता. शेष गांवों के सर्वेक्षण की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### खड़े ट्रक से टकराई स्कॉर्पियो तीन की मौत, 9 लोग घायल

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (न्यूज चैनल)।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। रूमा स्थित न्यू जेके ढाबा के पास हाईवे पर खड़े ट्रक से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ। वाहन संख्या एचआर 14एम 9501 स्कॉर्पियो सिरसा, हरियाणा से बिहार जा रही थी। इसमें 12 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो किसी अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार एक 45 वर्षीय पुरुष, 13 वर्ष की एक लड़की और लगभग नौ वर्ष के एक लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची महाराजपुर पुलिस और एनएचएआई की टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सुचारू कराया।




**चूहा- सुनती हो, विधानसभा के मानसून सत्र में राम मंदिर चढ़ावा मुद्दा को उठाया गया, 'नकटी' पर कोई सवाल नहीं?**

**चुहिया- हां जी, सारे राजनेता एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं..!**

## थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पब में भीषण आग, 27 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (न्यूज चैनल)।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में सोमवार तड़के एक पब में भीषण आग लगने से कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहतकर्मियों ने बताया कि आग लगने की सूचना देर रात को मिली। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में उत्तरी बैंकॉक स्थित पब के मुख्य द्वार से ऊंची लपटें उठती दिखाई दे रही हैं। लोग जान बचाने के लिए बाहर भागते नजर आए, जबकि आसमान में काले धुएं का घना गुबार फैल गया। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नवीरकुल ने घटनास्थल पर पत्रकारों से कहा कि हादसे में 27 लोगों की मौत हुई है और कई घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने में दमकलकर्मियों को लगभग 30 मिनट लगे। हादसे के बाद की तस्वीरों में पब के अंदर जली हुई मेज-कुर्सियां और बुरी तरह क्षतिग्रस्त ढांचा दिखाई दे रहा है।

## निर्माणाधीन कांग्रेस भवन में नाबालिग से हैवानियत, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में महिला थाने के पास कांग्रेस के निर्माणाधीन भवन में नाबालिग से दरिंदगी हुई है। भीख मांगकर गुजारा करने वाली 14 साल की नाबालिग के साथ युवक ने 3 दिन तक रेप किया है। पीड़िता के चीखने-चिल्लाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक को पकड़कर लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे वो लहूलुहान हो गया। पूछने पर कहा कि, सिर्फ किस किया हूं। नाबालिग से उसे चप्पल से पिटवाया गया, पैर पकड़कर माफी भी मंगवाई गई। इसके बाद लोगों ने आरोपी को सीधे महिला थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर



केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला महिला थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार, दरोगापारा रोड पर कांग्रेस का निर्माणाधीन भवन पिछले कुछ सालों से आधा-अधूरा और खुला पड़ा हुआ है। सामने का हिस्सा खुला होने के कारण यहां कचरा बीनने वाले और भीख मांगकर गुजारा करने वाले बेघर लोग अस्थायी रूप से शरण लेते हैं। पीड़ित 14 साल की नाबालिग किशोरी भी अपनी मां के साथ अक्सर वहीं रुकती थी। कभी-कभी मां के जूटमिल स्थित घर चले जाने पर बच्ची बाकी लोगों के साथ वहीं रह जाती थी। दरोगापारा का रहने वाला आरोपी लब्बू उर्फ विजय सारथी (34) की पत्नी भी कचरा बीनने का काम करती है। पत्नी का काम होने के कारण आरोपी का अक्सर उस निर्माणाधीन भवन में आना-जाना था। इसी दौरान उसकी जान-पहचान नाबालिग से हो गई थी। आरोपी ने गुरुवार को अकेला पाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अगले दिन शुक्रवार को भी उसने बच्ची के साथ फिर से दुष्कर्म किया।

## गौतमबुद्ध नगर डीएम कार्यालय को ई-मेल से बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (न्यूज चैनल)।** गौतमबुद्धनगर के जिला अधिकारी (डीएम) कार्यालय को सोमवार को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने से प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना सूरजपुर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। एहतियात के तौर पर बम निरोधक दस्ता (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड), डॉग स्क्वाड, एंटी सैबोटाज (एएस) चेक टीम और फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया।

सुरक्षा एजेंसियों ने डीएम कार्यालय परिसर और भवन के भीतर सघन तलाशी अभियान चलाया। कार्यालय के विभिन्न कमरों, परिसर और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की गई। कई घंटे तक चली जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। जांच के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। पुलिस के अनुसार धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया है।

## बद्रीनाथ मंदिर चढ़ावा मामला: आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 13 जुलाई (न्यूज चैनल)।** बद्रीनाथ धाम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे में कथित हेराफेरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल को पुलिस ने रविवार देर रात करीब 11 बजे देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम आरोपी को पूछताछ और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बदरीनाथ कार्यालय लेकर आ रही है। साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। उसके संभावित जगहों पर भी लगातार दबिश दी जा रही थी।

आखिरकार पुलिस को सफलता मिली और उसे देहरादून से हिरासत में ले लिया गया। बताया जा रहा है कि मंदिर में प्राप्त चढ़ावे



के रखरखाव और जमा प्रक्रिया के दौरान वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत सामने आने के बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में चढ़ावे की राशि में कथित गड़बड़ी के संकेत मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीम लगातार प्रयास कर रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर पूरे प्रकरण में अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। मामले से जुड़े दस्तावेज, रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की भी बारीकी से पड़ताल की जा रही है।

पुलिस ने कहा है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाई जाएगी और दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बदरीनाथ मंदिर में चढ़ावे में हेराफेरी के मामले की पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने 25 जून की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें भी आरोपी नोटों की गड्डी ले जाते हुए दिख रहा है। पुलिस ने बीकेटीसी से मामले की आंतरिक जांच रिपोर्ट और अन्य आवश्यक दस्तावेज कब्जे में ले लिए हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा की पत्नी शांति देवी वोरा का निधन, 91 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**दुर्ग, 13 जुलाई (हाईवे चैनल)।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय मोतीलाल वोरा की पत्नी शांति देवी वोरा का निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं और लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दुर्ग के शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। शांति देवी वोरा, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा की माता थीं। उनके निधन की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, शांति देवी वोरा का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के दुर्ग पहुंचने की संभावना है। शांति देवी वोरा के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

